दिनांक : 14.01.2026 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन में पाँच दिवसीय श्रीमहाकाल महोत्सव का करेंगे शुभारंभ।
- केन्द्रीय मंत्री धमेन्द्र प्रधान ने कहा-प्रौद्योगिकी संस्थानों के पाठ्यक्रम उद्योग केन्द्रित हों।
- मुख्यमत्री डॉ मोहन यादव ने एमपी यूथ गेम्स का किया शुभारंभ, लांचिंग पर कहा कि आगाज़ ऐसा हुआ है तो अंजाम भी बहुत सुखद होगा।
- मकर संक्रांति आज, नर्मदा सहित पवित्र नदियों में श्रृद्धालु लगा रहे आस्था की डुबकी।

श्रीमहाकाल महोत्सव- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज श्रीमहाकाल महालोक उज्जैन में पाँच दिवसीय श्रीमहाकाल महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। 18 जनवरी तक चलने वाला यह महोत्सव श्रीमहाकाल महालोक और त्रिवेणी संग्रहालय के प्रांगण में कला, संगीत और वैचारिक विमर्श का अनूठा संगम होगा। वीर भारत न्यास और श्रीमहाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के संयुक्त तत्वावधान में यह महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव की मुख्य सभाओं में देश के ख्यातिलब्ध कलाकार भगवान शिव की आराधना अपनी स्वर-लहरियों से करेंगे। महोत्सव में प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक त्रिवेणी संग्रहालय में मध्यप्रदेश की समृद्ध जनजातीय संस्कृति के दर्शन होंगे। इसमें छिंदवाड़ा का भड़म, बैतूल का ठाट्या, धार का भगोरिया और सागर का बरेदी जैसे पारंपरिक नृत्यों का प्रदर्शन होगा।

एन.आई.टी.एस.ई.आर. - शिक्षा मंत्री-धर्मेंद्र प्रधान

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी, विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान परिषद की 13वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान, श्री प्रधान ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों- एन.आई.टी. और भारतीय इंजीनियरिंग विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थानों- आई.आई.ई.एस.टी. में शैक्षणिक और अनुसंधान मानकों को उन्नत करने, शासन दक्षता बढ़ाने और नवाचार और उद्यमिता को और बढ़ावा देने पर प्रस्तुतियां देखीं।

शिक्षा मंत्री ने इस बात पर बल दिया कि इन संस्थानों में दिए जाने वाले पाठ्यक्रम राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप और उद्योग-केंद्रित होने चाहिए। उन्होंने संस्थानों को उभरते रोजगार भूमिकाओं और 21वीं सदी की आवश्यकताओं के आधार पर पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए एक उद्योग-नेतृत्व वाली पाठ्यक्रम समिति बनाने का भी सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि...

पूर्व सैनिक दिवस - रक्षा मंत्री राजनाथ सिहं

रक्षा मंत्री राजनाथ सिहं आज नई दिल्ली में दसवें सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस समारोह में शामिल होंगे। सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल के.एम करिय्यपा की विरासत और सेवा के स्मरण में प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को मनाया जाता है। फील्ड मार्शल के.एम करिय्यपा आज ही के दिन 1953 में सेवानिवृत्त हुए थे। फील्ड मार्शल के.एम करिय्यपा भारतीय सैन्य इतिहास के महान व्यक्तित्व हैं। उन्होंने सेवा, अनुशासन और देशभक्ति की सुदृढ़ विरासत की नींव रखी। भूतपूर्व सैनिक दिवस, राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 34 राज्य सैनिक बोर्ड और चार सौ 34 जिला सैनिक बोर्ड द्वारा देशभर में मनाया जाएगा।

उत्तरायन उत्सव-गुजरात- गृहमंत्री अमित शाह

उत्तरायन उत्सव आज गुजरात में पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गुजरात में यह उत्सव रंग-बिरंगी पतंगें उड़ाकर मनाया जाता है। उत्तरायन के अवसर पर केंन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुजरात की तीन दिन की यात्रा पर हैं। वे अहमदाबाद में ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ मंदिर का दर्शन करेंगे। श्री शाह बाद में पतंग उत्सव के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ शामिल होंगे। राज्य में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पतंग उत्सव में भागीदारी करने के लिए विश्वभर से प्रतिभागी गुजरात यात्रा पर आ रहे हैं।

राज्य कैबिनेट- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लगी। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तीन सोलर सह स्टोरेज प्रदाय परियोजना की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति अनुसार रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड द्वारा विकसित की जा रही परियोजना के अंतर्गत सोलर-सह चार घंटे 300 मेगावाट, सोलर सह छह घंटे 300 मेगावाट एवं सोलर-सह 24 घंटे 200 मेगावाट विद्युत प्रदाय की सिंगल साइकिल चार्जिंग आधारित ऊर्जा भंडारण परियोजना की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस परियोजना से राज्य में पीक डिमांड के समय भी सस्ती, स्वच्छ एवं भरोसेमंद विद्युत उपलब्ध हो सकेगी। इसके अलावा मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के शिक्षकों के लिए बड़ा फैसला लिया गया है. शिक्षकों की वेतन वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है।

खेलो एमपी यूथ गेम्स- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल रात भोपाल के बोट क्लब पर खेलो एमपी यूथ गेम्स का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि खेलो एमपी यूथ गेम्स की भव्य लांचिंग ओलम्पिक खेलों की तरह हुई है। आगाज़ ऐसा हुआ है तो अंजाम भी बहुत सुखद ही होगा। राज्य सरकार खेल, खिलाड़ी और खेल मैदानों के उन्नयन के लिये कार्य कर रही है। खिलाड़ियों को लाखों नहीं, करोड़ों तक की सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिये राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खेलो एमपी यूथ गेम्स में पिट्टू जैसे खेलों को शामिल कर नवाचार किया गया है। साथ ही ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को निखारने के लिये विकासखण्ड, जिला, संभाग और फिर राज्य स्तर पर प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई हैं।

मकर संक्रांति- प्रदेश

मकर संक्रांति का पर्व आज हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। मकर संक्रांति सर्दियों के अंत और लंबे दिनों की शुरुआत का प्रतीक है। देश के विभिन्न हिस्सों में इस त्योहार को अलग-अलग नामों से जाना जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, सौभाग्य और खुशहाली लेकर आए तथा समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव के भाव को और सुदृढ़ करे, यही मंगलकामना है।

आगरमालवा जिले में युवाओं और बच्चों द्वारा छतों पर संगीत की धुन के साथ जमकर पंतगबाजी की शुरुवात हो चुकी है। कटनी में जन सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए मकर संक्रांति के अवसर पर चाइनीज मांझे के विक्रय एवं उपयोग पर रोक लगा दी गई है। आज और कल मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में मंडला में पारंपरिक खेल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन की पहल पर कुम्भ स्थल में आयोजित होने वाले इस उत्सव में पतंग प्रतियोगिता के साथ-साथ पारंपरिक रस्साकसी एवं गिल्ली डंडा के खेलों का भी आयोजन किया जायेगा। सम्पूर्ण जिले में, विशेषकर डिंडौरी नगर सहित नर्मदा तट पर बसे नगरों, कस्बों एवं ग्रामों में ये पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

क्रिकेट - ओडीआई

पुरुष क्रिकेट में भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला का दूसरा मैच आज राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच दोपहर एक बजकर तीस मिनट पर शुरू होगा।

भारतीय टीम ने वडोदरा में रविवार को पहले मैच को चार विकेट से जीतकर श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है। श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मैच रविवार को इंदौर में खेला जायेगा।

क्रिकेट - डब्लूपीएल

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट में मुंबई इंडियंस ने कल रात नवी मुंबई के डॉ. डी.वाई. पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में गुजरात जायंट्स को सात विकेट से हरा दिया।

समाचार संक्षेप में .....

- मंदसौर के दुधाखेड़ी माताजी परिसर में राष्ट्रीय संत श्री असंग देव जी के तीन दिवसीय सत्संग' में हाल ही में कर्नाटक के राज्यपाल डॉ. थावरचंद गहलोत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया।
- कटनी नगर निगम में कल नागरिकों की जल संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु वार्ड स्तर पर जल सुनवाई शिविर का आयोजन किया गया।
- रतलाम कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार आम जन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राजस्व अधिकारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में प्रतिबंधित चायना डोर के संबंध में दुकानों की जाच की गई।
- नगर निगम इंदौर द्वारा संचालित स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को पेयजल टंकियों पर आयोजित की जा रही नागरिक जल सुनवाई के क्रम में महापौर एवं निगम आयुक्त द्वारा जल सुनवाई का अवलोकन किया गया।
- झाबुआ जिले के जनपद पंचायत राणापुर में ग्राम पंचायत विकास योजना यानी जीपीडीपी के प्रभावी और सहभागी क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

-------